देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

प्रेस–विज्ञप्ति

इन्दौर, 13 फरवरी 2024। विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक आज नालंदा परिसर में सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम कार्यपरिषद् के नवागत सदस्य प्रो. राजीव गुप्ता, प्रो. संजीव टोकेकर तथा अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा प्रो. सुधा सिलावट जी का माननीय कुलपति एवं कुलसचिव द्वारा स्वागत किया गया।

बी.एड. के विद्यार्थियों के संबंध में कार्यपरिषद् ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अन्य विषयों की परीक्षाओं के समान ही बी.एड. के विद्यार्थियों को भी ए.टी.के.टी. के दो अवसर प्रदान किए जायेंगे। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2023–24 को भी कार्यपरिषद् ने स्वीकृति प्रदान की। स्कूल ऑफ आयुष केन्द्र की स्थापना पर विविध व्यय हेतु 2024–25 के बजट में 7 करोड़ रूपये के प्रावधान के प्रस्ताव को कार्यपरिषद् ने स्वीकृत किया। सत्र 2023–24 की परीक्षाओं में अनुसूचित साधनों का प्रयोग करने वाले विद्यार्थियों के प्रकरणों के निराकरण हेतु डॉ. रत्नेश गुप्ता को सदस्य के रूप में कार्यपरिषद् ने मान्य किया।

राज्य/राष्ट्रीय स्तर की तकनीकी एवं अकादमिक प्रतिस्पर्धाओं में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को यात्रा किराये के अतिरिक्त दैनिक भत्ता भुगतान किए जाने के प्रस्ताव को कार्यपरिषद् ने स्वीकृति प्रदान की। यूजीसी द्वारा जारी की गई संस्थागत विकास योजना को अंगीकृत करने के प्रस्ताव को भी कार्यपरिषद् ने मान्य किया। भूतपूर्व माननीय कुलपतियों को एवं कार्यपरिषद् सदस्यों को निशुल्क विश्वविद्यालय अतिथि गृह की सुविधा प्रदान किए जाने के प्रस्ताव को कार्यपरिषद् ने मान्य किया। पूर्णकालिक विजिटिंग फैकल्टी के मानदेय को 35 हजार से 50 हजार करने के प्रस्ताव को कार्यपरिषद् ने मान्य किया।

कार्यपरिषद् सदस्य श्री अनंत पंवार एवं डॉ. ए.के. द्विवेदी ने सुझाव दिया कि विद्यार्थियों में अनुशासन एवं नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता लाने के लिए कार्यशलाएं आयोजित की जाए। कार्यपरिषद् सदस्य प्रो. प्रतोष बंसल ने सुझाव दिया कि पी.एच.डी. शोध में गुणवत्ता बढ़ाने हेतु लगभग 900 नये शोधार्थियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाए।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी